तापमान
अधिकतम 33 .7 डिग्री
न्यूनतम 12 .4 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार 11 अप्रैल 2026



12 खरीद के नाम पर घोटाले कर रही सरकार क्रॉस ...



12 तकनीक के जरिए परिणामों में आई शुद्धता, विश्वसनीयता .

## खबर संक्षेप

### ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर हड़पे 11.70 लाख रुपये

**यमुनानगर।** वर्क वीजा पर ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर यमुनानगर निवासी नितिश चुघ उर्फ नितिन से 11.70 लाख रुपये हड़प लिए गए। आरोपियों ने आस्ट्रेलिया भेजकर कंपनी में नौकरी दिलवाने का झांसा दिया था। पुलिस ने आरोपी मां-बेटे के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। नितिश चुघ ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह रोजगार के लिए विदेश जाना चाहता था। इस दौरान उसकी मुलाकात विक्रांत शर्मा और उसकी मां रमन शर्मा के साथ हुई। आरोपियों ने उसे आस्ट्रेलिया भेजने का आश्वासन दिया और आरोपियों ने 16 लाख रुपये की मांग की थी। आरोप है कि पैसे लेने के बाद भी उसे विदेश नहीं भेजा गया और लगातार टालमटोल की जाती रही।

### अकाउंट हैक कर निकाल लिए 3.38 लाख रुपये

**यमुनानगर।** साइबर ठगों ने शहर के विष्णु गार्डन निवासी लाल बिहारी का मोबाइल हैक कर उसके अकाउंट से तीन लाख 38 हजार रुपये निकाल लिए। आरोपियों ने लाल बिहारी के मोबाइल पर आरटीओ चालान की एपीके फाइल भेज कर क्लिक करने के लिए कहा। क्लिक करते ही उसका मोबाइल हैक हो गया और पैसे निकल गए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### पति ने मारपीट कर घर से निकाला

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र की कंचन ने पति अमित कुमार (हिसार निवासी) पर दहेज के लिए मारपीट और घर से निकालने का आरोप लगाया। शादी 2016 में हुई थी और दो बच्चे हैं। पति कार या 10 लाख रुपए की मांग करता था। मना करने पर उसने कंचन को घर से निकाल दिया, दस्तावेज व जेवर रख लिए और बच्चों से मिलने से भी रोक दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### 113 ग्राम हेरोइन के साथ सप्लायर गिरफ्तार



**यमुनानगर।** सीआईए वन पुलिस टीम ने औरंगाबाद रेस्ट एरिया के पास से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 113 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने लंबे समय से नशीले पदार्थ की सप्लाई करने की बात कबूली है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे रिमांड पर लिया गया है। एसआई गुलशन, एएसआई जगतार सिंह सहित अन्य पुलिस कर्मी ने देर शाम औरंगाबाद रेस्ट एरिया के पास छापेमारी कर हेरोइन के सप्लायर शुभम उर्फ टिंकू निवासी मायापुरी कॉलोनी कांसापुर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 113 ग्राम हेरोइन बरामद की है।

### 141 ग्राम हेरोइन के आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** नशा मुक्त हरियाणा अभियान के तहत सीआईए-2 की टीम ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए 141 ग्राम हेरोइन के साथ एक आरोपी को काबू किया है। नशा तस्करी की इनपुट मिली थी। टीम ने तत्परता दिखाते हुए थाना पड़ाव क्षेत्र शाहाबाद रोड स्थित अनाज मंडी गेट के पास से संदिग्ध अवस्था में खड़े आरोपी को जब काबू कर उसकी तलाशी ली गई, तो उसके कब्जे से 141 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान बलजीत सिंह वासी गांव नलवी, थाना शाहाबाद (जिला कुरुक्षेत्र) के रूप में हुई है।

### लाडवा के बपदी रोड पर हुआ दर्दनाक हादसा

# स्कूल बस की टक्कर से दो चचेरे भाइयों की मौत

**हादसे के बाद बस ड्राइवर फरार**

- मजदूरी कर लौट रहे थे घर
- मृतकों की पहचान जिया लाल और लाल सिंह निवासी गांव शेरगढ़, जिला करनाल के रूप में हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र के लाडवा क्षेत्र में बपदी रोड पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार दो चचेरे भाइयों की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब एक प्राइवेट स्कूल बस ने पीछे से उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों व्यक्ति सड़क पर गिर पड़े और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। मृतकों की पहचान जिया लाल (52) और लाल सिंह (56) निवासी गांव शेरगढ़, जिला करनाल के रूप में हुई है। दोनों दिहाड़ी-मजदूरी का काम करते थे और रोजी-रोटी के लिए लाडवा आते-जाते थे। घटना के दिन भी दोनों लाडवा से घर का राशन लेकर बाइक पर वापस अपने गांव लौट रहे थे। परिजनों के अनुसार, बपदा रोड पर स्थित सुगनी देवी आर्य कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल की बस ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया, जबकि बस में सवार सभी स्कूली बच्चे सुरक्षित बताए जा रहे हैं।



**कुरुक्षेत्र।** मौके पर कार्रवाई करती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

#### बस चालक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा

घटना की सूचना मिलते ही डीएसपी निर्मल सिंह और एसएचओ गुरनाम सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल के शवगृह में भिजवाया और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि फरार बस चालक की तलाश की जा रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## ट्रेन के आगे कूदा युवक, मौत

- दो टुकड़ों में बंटा युवक का शरीर नहीं हो पाई शिनाख्त

**यमुनानगर।** सदर यमुनानगर थाना के सामने गंगानगर एक्सप्रेस ट्रेन के आगे कूदकर युवक ने आत्महत्या कर ली। हादसा इतना भीषण था कि युवक का शरीर दो टुकड़ों में बंट गया। घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के लिए सिविल अस्पताल स्थित शवगृह में रखवा दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। जांच अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि उन्हें स्टेशन मास्टर से सूचना मिली थी कि गंगानगर एक्सप्रेस के आगे आकर एक युवक ने आत्महत्या कर ली है। ट्रेन हरिद्वार से अंबाला की ओर जा रही थी। उन्होंने बताया गया कि सदर थाना क्षेत्र के सामने रेलवे ट्रैक पर एक युवक घूम रहा था। जैसे ही ट्रेन नजदीक आई तो वह अचानक ट्रैक पर लेट गया। ट्रेन इतनी करीब थी कि उसे रोक पाना संभव नहीं था। जिससे यह दर्दनाक हादसा हो गया। युवक का शव दो हिस्सों में कटा हुआ था। जिसकी उम्र 30 से 35 वर्ष के बीच थी। आसपास के लोगों से पूछताछ करने पर आरोपी की शिनाख्त नहीं हो पाई। जब मृतक की तलाशी ली तो उसके पास से भी कोई दस्तावेज नहीं मिला। जिससे उसकी पहचान हो सके। युवक ने काले रंग की पैंट और शर्ट पहन रखी थी। पुलिस ने शव को सिविल अस्पताल मोर्चरी में रखवाया गया है।

## फंदे पर लटका मिला विवाहिता का शव

**पानीपत।** पानीपत के एनएफएल क्षेत्र के विकास नगर में मायके आई हुई 24 वर्षीय नवविवाहिता प्रीति का शव फंदे पर लटका मिला है। स्मरणीय है कि गत वर्ष तीस नवंबर को प्रीति का विवाह दीपांशु निवासी गांव सांधल कलां जिला सोनीपत के साथ हुआ था। मायके वालों का आरोप है कि दहेज की मांग पूरी नहीं करने पर दीपांशु व उसके परिवार ने प्रीति को आठ अप्रैल को मारपीट कर घर से निकाल दिया था। इस घटना से प्रीति सदमे में थी। इधर, हुडा औद्योगिक सेक्टर 29 थाना पुलिस ने प्रीति के परिजनों के बयान दर्ज किए और पोस्टमार्टम के बाद प्रीति का शव उन्हें सौंप दिया। थानेदार सुभाष ने बताया कि प्रीति के पति व उसके परिजनों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## 5 हजार का इनामी अपराधी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र पुलिस ने असला सप्लाई करने के वांछित 5 हजार के ईनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस की टीम ने अवैध असला सप्लाई करने के वांछित आरोपी रजत वासी उमरी जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 30 अक्टूबर 25 को अपराध अन्वेषण शाखा-2 प्रभारी मोहन लाल के दिशा-निर्देश में टीम अपराध तलाश के सम्बन्ध में सर्किट हाउस कुरुक्षेत्र के पास मौजूद थी। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर रमन वासी उमरी जिला कुरुक्षेत्र को नाजायज असला के शक के आधार पर काबू किया था। पुलिस टीम द्वारा उसकी तलाशी लेने पर उसके कब्जा से 1 देशी कट्टे व 4 जिन्दा रौंद बरामद हुआ था।

### चाकू से हमलाकर एक्टिवा छीनने का प्रयास

**अंबाला।** अंबाला कैंट की बकरा मार्केट के पास शुक्रवार दोपहर में बाइक सवार बदमाशों ने एक एक्टिवा सवार पर चाकू से हमला कर दिया। घायल की पहचान कैंट की चार नंबर मोहल्ले के बॉबी के रूप में हुई। खून से लथपथ हालत में हमलावरों का विरोध करते देखकर राहगीरों ने बीच बचाव किया। पुलिस के आने पर हमला मौके से फरार हो गए। लहूलुहान हालत में युवक को प्राथमिक उपचार के लिए कैंट के नागरिक अस्पताल में दाखिल करवाया। घायल का आरोप है कि हमलावर उससे एक्टिवा छीनने का प्रयास कर रहे थे। देने से मना करने पर चार नकाबपोश बदमाशों ने उसे घेर लिया। बदमाशों ने चेहरे व माथे को निशाना बनाकर कई वार किए।

### राजस्व को चूना लगाने का एक आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** आरटीए की टीम ने सरकारी काम में बाधा डालने व राजस्व को चूना लगाने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने ऑन द वे नाम के व्हाट्सएप ग्रुप के जरिए आरटीओ दस्ते की लाइव लोकेशन शेयर करने के आरोप में एक बस कंडक्टर मुरसलीन को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से दो आईएमईआई नंबर वाला पोको स्मार्टफोन बरामद कर पुलिस के हवाले कर दिया गया है। पड़ाव थाना पुलिस ने जिला परिवहन अधिकारी सुशील कुमार की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ धारा 221 सरकारी कर्मचारी के काम में बाधा डालने की धारा 221, धोखाधड़ी की 318(4) व राजस्व को हानि पहुंचाने की धारा 96 के तहत केस दर्ज किया है।

### चिकन सेंटर के मालिक पर गंडासी से हमला हाथ कलाई से अलग

**मुलाना।** धनौरा रोड पर कार सवार बदमाशों ने चिकन दुकान संचालक और उसके दोस्त को बंदूक के बल पर रोक लिया। विरोध करने पर बदमाशों ने गंडासी से हमला कर दुकानदार का हाथ कलाई से अलग कर दिया। उसे जबरन गाड़ी में डालकर अपहरण कर लिया। पुलिस को दी शिकायत में गांव मंगलई के प्रिंस कुमार ने बताया कि वह अपने दोस्त अलीपुर के भीम के साथ पैदल जा रहा था। घात लगाए बैठे जसविंदर उर्फ रमनी, मुन्ना, साहिल और रविंद्र ने उन्हें रोका और रुपयों की मांग करने लगे। जब भीम ने विरोध किया, तो जसविंदर ने जान से मारने की नीयत से भीम के सिर पर गंडासी से वार किया। भीम की बाईं कलाई बुरी तरह कट कर लटक गई। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सरकारी स्कूल में दो दिन में दो बार चोरी

- ताले काटकर मिड-डे मील का सामान, सिलेंडर व गेहूं चोरी
- चौकीदार न होने से सुरक्षा पर सवाल, पहले भी हो चुकी चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

निकटवर्ती गांव मोहड़ी के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में एक बार फिर चोरी की घटना सामने आई है, जिससे स्कूल प्रशासन और ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। लगातार हो रही चोरियों ने स्कूल की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार, प्रातः स्कूल पहुंचने पर प्राथमिक पाठशाला की इंचार्ज मीना रानी ने देखा कि परिसर में सामान बिखरा पड़ा है। चोरों ने बाहर से ताले और गेट के कुंडे कटर से काटकर रसोई घर में प्रवेश किया। यहां से मिड-डे मील के बर्तन, गैस सिलेंडर, दो कट्टे गेहूं, चार पतीले और लोहे का सामान चोरी कर लिया गया। इतना ही नहीं, कार्यालय में रखी अलमारी का ताला तोड़कर महत्वपूर्ण दस्तावेजों को भी नुकसान पहुंचाया गया। बताया गया है कि इससे पहले भी स्कूल में कई बार चोरी हो चुकी है। स्कूल की हेडमिस्ट्रेस मनजीत 5 मार्च 2026 को पुलिस थाने में लिखित शिकायत दर्ज करवाई थी, लेकिन इसके बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। 8 अप्रैल को चोरी हुई और 9 अप्रैल को फिर से वारदात दोहराई गई। हेडमिस्ट्रेस का कहना है कि स्कूल में चौकीदार न होने की समस्या पहले भी शिक्षा विभाग को बताई जा चुकी है, लेकिन समाधान नहीं निकला।



**कुरुक्षेत्र।** कटर से चोरों द्वारा काटे गए स्कूल के ताले। फोटो : हरिभूमि

#### मंदिर में चोरी करने वाला गिरफ्तार

**अंबाला।** नारायणगढ़ पुलिस ने धार्मिक स्थलों पर चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाते हुए गांव डेहर के एक मंदिर से सामान चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी की पहचान सागर उर्फ गंजा, निवासी गांव डेहर के रूप में हुई है। 8 अप्रैल 2026 को गांव डेहर के रोहित कुमार ने शिकायत दर्ज कराई थी कि गांव के मंदिर में चोरी हुई थी।

### भीख मांगते 30 व बाल मजदूरी करते पांच बच्चे रेस्क्यू

- भिक्षावृति कराने वाले गिरोह की तलाश में जुटी पुलिस

**पानीपत।** पानीपत पुलिस की क्राइम ब्रांच टीम ने ऑपरेशन स्माइल के तहत शुक्रवार को गोहाना रोड व कृष्णपुरा क्षेत्र के बाजार में ढाबों और दुकानों की जांच की। जांच में पुलिस टीम को पांच बच्चे मजदूरी करते हुए मिले। पुलिस टीम ने जांच पांचों बाल मजदूरों को रेस्क्यू किया, वहीं, भीख मांगने वाले 30 बच्चों को भी रेस्क्यू किया। क्राइम ब्रांच टीम के इंस्पेक्टर संदीप कुमार ने बताया कि रेस्क्यू किए गए बच्चों की उम्र 8 से 13 साल के बीच है। पुलिस ने पांचों बच्चों को उनके परिजनों को सौंप दिया। इधर, इन बच्चों से दस घंटों काम लेकर प्रति माह तीन से पांच हजार रूपये वेतन दिया जा रहा था। उन्होंने बताया कि बाल श्रम करवाने वाले ढाबा और दुकान मालिकों के खिलाफ जुवेनाइल जस्टिस (जेजे) एक्ट और चाइल्ड लेबर एक्ट के तहत कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस टीम 30 बच्चों को भीख मांगते हुए रेस्क्यू किया है।

### कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

## शॉर्ट सर्किट से गेहूं की फसल में लगी आग, लाखों का नुकसान

**किसानों ने नुकसान का आकलन कर उमुआवजा देने की मांग की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिले के गांव मुसिम्बल में उस समय अफरा तफरी मच गई जब शॉर्ट सर्किट के कारण खेतों में खड़ी गेहूं की फसल में अचानक आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और तुरंत दमकल विभाग को सूचित किया गया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। किसान ललित ने बताया कि उसके खेत में करीब 8 एकड़ गेहूं की फसल थी। जिसमें से 4 एकड़ फसल एक दिन पहले ही काटी गई थी। वहीं पास ही किसान रमेश की करीब 3 एकड़ गेहूं की फसल खड़ी थी। अचानक शॉर्ट सर्किट से निकली चिंगारी ने सूखी फसल को अपनी चपेट में ले लिया और देखते ही देखते आग तेजी से फैल गई। इस आगजनी की घटना में करीब 7 एकड़ में पड़े गेहूं के कटे फाने और 4 एकड़ खड़ी गेहूं की फसल जलकर पूरी तरह राख हो गई। किसानों को लाखों रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। ग्रामीणों ने भी आग बुझाने में भरसक प्रयास कियाए लेकिन तेज हवा के कारण आग पर काबू पाना मुश्किल हो रहा था। दमकल कर्मियों की सूझबूझ और तत्परता के चलते आखिरकार आग को नियंत्रित कर लिया गया। यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाताए तो आसपास के अन्य खेतों में भी भारी नुकसान हो सकता था। किसानों में भारी मायूसी देखी गई। प्रशासन से नुकसान का आकलन कर उचित मुआवजा देने की मांग की है। वहीं प्रशासन ने भी मामले की जांच और नुकसान के आकलन का आश्वासन दिया है।



**यमुनानगर।** गांव मुसिम्बल के खेतों में लगी आग से नष्ट हुई फसल।

### तीन दिवसीय सम्मेलन में कुरुक्षेत्र के प्राचीन गौरव और आध्यात्मिक विरासत पर चर्चा

# कुरुक्षेत्र का इतिहास अत्यंत प्राचीन, यह भूमि ऋषियों-मुनियों की तपोभूमि : श्याम सिंह राणा

**कुरुक्षेत्र के समग्र विकास के लिए उसके गौरवशाली इतिहास का अध्ययन आवश्यक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में कुरुक्षेत्रः थ्रू द एजेस विषय पर आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का विधिवत समापन हुआ। इस सम्मेलन का आयोजन भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद (आईसीएचआर), नई दिल्ली, श्रीमद्भगवद्गीता अध्ययन केंद्र, स्वदेशी शोध संस्थान, जिओ गीता तथा विजन कुरुक्षेत्र के सहयोग से किया गया, जबकि इसकी फंडिंग आईसीएचआर, नई दिल्ली द्वारा की गई। समापन सत्र की शुरूआत दीप प्रज्वलन और कुलगीत के साथ हुई, जिसके बाद राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम्‌ का गायन किया गया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। विजन कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष मदन मोहन छाबड़ा ने प्रतिभागियों एवं अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा प्रकाशित तीन दिवसीय सम्मेलन के विशेष न्यूज पेपर का भी अतिथियों द्वारा विमोचन किया गया। समापन सत्र के मुख्य अतिथि हरियाणा के पशुपालन एवं डेयरी मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि कुरुक्षेत्र का इतिहास अत्यंत प्राचीन और गौरवशाली है तथा यह भूमि ऋषियों-मुनियों की तपोभूमि रही है। इसी पावन धरती पर भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को भगवद्गीता का दिव्य संदेश दिया, जो मानव जीवन को कर्तव्य, धर्म और शांति का मार्ग दिखाता है। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र की पहचान प्राचीन काल से ही कृषि, संस्कृति और आध्यात्मिक परंपरा के केंद्र के रूप में रही है। विशिष्ट अतिथि हरियाणा के मुख्यमंत्री के ओएसडी भारत भूषण भारती ने कहा कि भारत प्राचीन काल से ही विश्वगुरु रहा है और भविष्य में भी इस भूमिका को निभाने की क्षमता रखता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय सह-संगठक एवं प्रसिद्ध आर्थिक विशेषज्ञ सतीश ने कहा कि कुरुक्षेत्र के समग्र विकास के लिए उसके गौरवशाली इतिहास का गंभीर अध्ययन आवश्यक है।



**कुरुक्षेत्र।** अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते मुख्य अतिथि। फोटो : हरिभूमि

#### कुरुक्षेत्र की संस्कृति और आस्था को सामने लाने की जरूरत

गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने कहा कि किसी भी स्थान और परंपरा को सही रूप में समझने के लिए उसे मूल रूप में जाकर देखना और अनुभव करना आवश्यक होता है। कुरुक्षेत्र की संस्कृति अत्यंत समृद्ध और गौरवशाली है, जिसे आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र की आस्था, पवित्रता और ऐतिहासिक तथ्यों को विश्व के सामने प्रस्तुत करने की आवश्यकता है।

#### मौजूद रहे

इस अवसर पर अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना, नई दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. ईश्वर शरण विश्वकर्मा, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव लेफ्टिनेंट (डॉ.) वीरेंद्र पाल, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी, डीन ऑफ कॉलेजिज प्रो. ब्रजेश साहनी, प्रो. कृष्णा देवी, प्रो. अमित लूदरी, प्रो. सीडीएस कौशल, प्रो. शुचिस्मिता, लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया, प्रो. रणवीर सिंह, डॉ. गोपाल प्रसाद, डॉ. रमेश सिरोही, डॉ. रामचन्द्र, डॉ. जितेन्द्र जांगडा, सहित अनेक शिक्षक, शोधार्थी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### 50 किलो चूरापोस्त रखने के दोषी को 10 साल की कारावास

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट एनडीपीएस एक्ट) ने नशीला पदार्थ रखने के आरोपी रहीम खान वासी कामी माजरा शादीपुर जिला यमुनानगर को 10 साल कठोर कारावास व 1 लाख रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है। जानकारी देते हुए जिला न्यायवादी ने बताया कि दिंनाक 13 नवम्बर 2020 को एंटी नारकोटिक सेल के उप निरीक्षक बलबीर सिंह व मुख्य सिपाही आजाद सिंह की टीम रादौर रोड लाडवा पर मौजूद थी। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर रहीम खान वासी कामी माजरा शादीपुर जिला सोलन यमुनानगर को लाडवा-यमुनानगर रोड पर गांव बडशामी के पास नाकाबंदी करके ट्रक सहित काबू किया था। राजपत्रित अधिकारी के सामने पुलिस द्वारा आरोपी के ट्रक की तलाशी लेने पर उसके कब्जा से 50 किलो 700 ग्राम चूरापोस्त बरामद हुआ था। आरोपी के विरुद्ध थाना लाडवा में नशीली वस्तु अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके गिरफ्तार कर लिया था। मामले का चालान माननीय अदालत में दिया गया था। अतिरिक्त जिला एवं सेशन न्यायधीश की अदालत ने गवाहों व सबूतों के आधार पर नशीला पदार्थ रखने के आरोपी रहीम खान वासी कामी माजरा शादीपुर जिला यमुनानगर को दोषी करार देते हुए एनडीपीएस एक्ट की धारा 15-सी के तहत 10 साल कठोर कारावास व 1 लाख रुपए जुमार्ना लगाया है।



- रहीम खान पर 1 लाख जुर्माना भी लगाया

## खबर संक्षेप

### आनलाइन पैसा कमाने का लालच देकर लोगों से हो रही ठगी: गोयल



**यमुनानगर।** आनलाइन पैसा कमाने का लालच देकर साइबर ठग लोगों को ठगने का काम कर रहे हैं। साइबर ठगों से आमजन को सावधान करने के लिए जिला पुलिस प्रशासन ने एडवाइजरी जारी की है। जिसमें लोगों को साइबर ठगों के झांसे में नहीं आने की सलाह दी गई है। उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बताया कि आधुनिकता के इस दौर में जहां मोबाइल और इंटरनेट का उपयोग तेजी से बढ़ा है। वहीं साइबर अपराधों में भी लगातार वृद्धि देखने को मिल रही है। आमजन को इन साइबर ठगी से बचाने के उद्देश्य से जिला पुलिस प्रशासन द्वारा एक विशेष एडवाइजरी जारी कर लोगों को जागरूक किया गया है।

### बाइक सवार ने महिला से झपटी सोने की चेन

**यमुनानगर।** शहर के ईस्ट भाटिया नगर से बाइक सवार युवक ने महिला के गले से सोने की चेन झपट ली। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। निवासी हरप्रीत कौर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह नौ अप्रैल को रात नौ बजे घर के बाहर सैर कर रही थी। इस दौरान बाइक पर सवार होकर एक युवक आया। जब तक वह कुछ समझ पाती। आरोपी युवक ने आते ही उसके गले से सोने की चेन झपट ली और मौके से फरार हो गया।

### किराए के मकान से चुराई नकदी व गहने

**यमुनानगर।** शहर की शास्त्री कॉलोनी में चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। चोरों ने एक किराए के मकान को निशाना बनाकर नकदी और कीमती गहने चोरी कर लिए। प्रदीप गुप्ता ने बताया कि छह अप्रैल को परिवार के सदस्यों के साथ अपनी ससुराल जालंधर पंजाब गए हुए थे। जब वह वापस अपने घर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि मुख्य लोहे का गेट और कमरे के ताले टूटे हुए थे। घर के अंदर रखे लोहे के बक्से का ताला भी टूटा मिला। इसके अलावा उनकी पत्नी के गुल्लक में रखे करीब 15 हजार रुपये भी चोर ले उड़े। जिसमें करीब 150 ग्राम चांदी की पांच जोड़ी पायल, सोने के दो लॉकेट, दो मंगलसूत्र, दो जोड़ी झुमके और एक सोने की अंगूठी शामिल है।

### पानीपत बनेगा ग्रीन एनर्जी हब: डॉ दहिया

**पानीपत।** पानीपत को हरित ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया जाना प्रस्तावित है। उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने जींद से पानीपत तक प्रस्तावित 220 केवी डबल सर्किट ट्रांसमिशन लाइन प्रोजेक्ट की प्रगति की समीक्षा को लेकर कंपनी के अधिकारियों से बैठक की। डीसी ने बताया कि इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन को बढ़ावा देना है। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि परियोजना के तहत सामग्री आपूर्ति और अन्य सभी चरण निर्धारित समय सीमा में पूरे किए जाएं।

## जठलाना अनाजमंडी में अभी तक नहीं पहुंचा गेहूं

# रादौर मंडी में 13 हजार व गुमथला में हुई 825 क्विंटल गेंहू की खरीद

**12 प्रतिशत तक नमी होने पर ही की जाएगी मंडी में खरीद, किसान सूखा कर लाएं गेहूं की फसल : चोपड़ा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर



यमुनानगर। अनाजमंडी रादौर में गेहूं की फसल को सुखाते मजदूर।

जिले की अनाज मंडियों में गेहूं की आवक अब तेज हो गई है। शुक्रवार को भी कस्बा की मंडी रादौर, जठलाना व गुमथला राव की मंडियों में भी अब किसान लगातार गेहूं की फसल लेकर आ रहे हैं। शुक्रवार को अनाजमंडी रादौर में खरीद एजैंसी वेयरहाउस ने सरकारी खरीद की। अब तक रादौर अनाजमंडी में 13000 क्विंटल गेहूं की खरीद की जा चुकी है। गुमथला अनाजमंडी में 825 क्विंटल खरीद की जा चुकी है। वहीं अनाजमंडी जठलाना में अब तक खरीद शुरू नहीं की जा सकी। मार्केट कमेटी सचिव राजीव चोपड़ा ने बताया कि गेहूं की खरीद का कार्य सरकारी मानदंडों के अनुसार किया जा रहा है। 12 प्रतिशत तक नमी होने पर ही गेहूं की खरीद की जा रही है। इससे ज्यादा नमी होने पर किसान को अपनी गेहूं की फसल को धूप में फैलाकर सुखाने के बाद ही खरीद की जायेगी। विभाग की ओर से गेहूं के उठाव के 24 से 72 घंटे तक किसान को उसकी फसल का भुगतान कर दिया जायेगा। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे मंडी में अपनी गेहूं की फसल को सुखाकर व साफ करके लाए। सोमवार, बुधवार व शुक्रवार को रादौर अनाजमंडी में वेयरहाउस की ओर से खरीद की जायेगी। वहीं मंगलवार, वीरवार व शनिवार को हैफड की ओर से गेहूं की खरीद की जायेगी। जठलाना व गुमथला में सभी दिन हैफड की ओर से गेहूं की खरीद का कार्य किया जायेगा। उन्होंने बताया कि जिले की सभी अनाज मंडियों में गेहूं की खरीद प्रक्रिया सुचारू रूप से जारी की। उन्होंने दावा करते हुए बताया कि जिले की सभी अनाजमंडियों में किसानों को फसल बेचने में किसी भी तरह की परेशानी नहीं आने दी जा रही है। मंडी प्रशासन की ओर से सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जारी है। मार्केट कमेटी सचिव ने जानकारी देते हुए बताया कि बारिश के चलते गेहूं की फसल में नमी की मात्रा ज्यादा होने के कारण मंडी में खरीद नहीं के कारण किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। लेकिन अब गेहूं खरीद सुचारू रूप से जारी है।

### गेट पास काटने वालों को नहीं दी जाती सुविधाएं

गेट पास काटने वाले कर्मचारियों को अनाजमंडी में चाय पानी की सुविधाओं से वंचित रखा जा रहा है। कर्मचारियों ने बताया कि सभी कंपनियों में वर्करों को चाय पानी की सुविधा दी जाती है। परंतु अनाजमंडियों में दिन रात गेट पास काटने वाले वर्करों को चाय पानी की सुविधा तक नहीं दी जाती। उनको अपने पैसे खर्चकर चाय पानी पीना पड़ता है। उनको भी चाय पानी की सुविधा प्रशासन से मिलनी चाहिए। प्रदेश सरकार लगातार नए नियम बना रही है, लेकिन कर्मचारियों पर ध्यान नहीं है।

# अवैध निर्माण पर चला निगम का पीला पंजा



यमुनानगर। निगम भूमि पर अवैध कब्जे को हटाते हुए जेसीबी मशीन।

- गधौली में निगम की भूमि पर लोगों ने अवैध रुप से किया था कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

नगर निगम यमुनानगर जगाधरी प्रशासन द्वारा निगम की भूमि पर किए गए अवैध कब्जों को हटाने के लिए अभियान शुरु कर दिया है। इस अभियान के तहत निगमायुक्त महाबीर प्रसाद के निर्देश पर गधौली में किए गए अवैध कब्जों को जेसीबी मशीन की मदद के ध्वस्त कर दिया।

निगम के भवन निरीक्षक हरिंद्र कुमार व सहायक नगर योजनाकार दर्शन लाल के नेतृत्व में नगर निगम की टीम पुलिस बल के साथ निगम के वार्ड 11 स्थित गधौली में पहुंची। इस दौरान टीम ने गधौली के नजदीक निगम की भूमि पर अवैध रुप से किए गए अवैध निर्माण चारदीवारी, गेट और अस्थाई शेड को जेसीबी मशीन से ध्वस्त कर हटा दिया। निगम के भवन निरीक्षक हरिंद्र कुमार ने बताया कि कार्रवाई करने से पहले नगर निगम की टीम द्वारा मौके का निरीक्षण कर जमीन की निशानदेही करवाई गई। जिसमें निगम की जमीन पर अवैध कब्जा मिला। कब्जा हटाने के लिए नगर निगम द्वारा कब्जा करने वाले को स्वयं जमीन कब्जा मुक्त करने के लिए कहा गया। लेकिन उन्होंने निगम की भूमि से अवैध कब्जा नहीं हटाया गया। जिसके बाद निगम की टीम ने कार्रवाई की।

### अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं

निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने कहा कि निगम की संपत्तियों और सार्वजनिक जमीनों पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शहर के विभिन्न वार्डों में निगम की जमीनों पर कब्जों की लगातार शिकायतें मिल रही हैं। जिन पर चरणबद्ध तरीके से कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को ऐसे स्थानों की पहचान कर सूची तैयार कर उन्हें कब्जा मुक्त करवाए जाने के निर्देश दिए।



### नव सत्र पर अभिभावकों को विद्यालय की शैक्षिक नीतियों से करवाया अवगत

**रादौर।** जनता पब्लिक स्कूल अलाहर में शनिवार को नव सत्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर स्कूल में अभिभावक उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य अभिभावकों को विद्यालय की कार्यप्रणाली, शैक्षिक नीतियों व विद्यार्थियों के समग्र विकास से अवगत कराना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के चेयरमैन मुकेश शास्त्री, एमडी रूबी कंबोज व प्रधानाचार्य डॉ. कल्पना बजाज ने दीप प्रज्वलित करके किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य ने सभी अभिभावकों का स्वागत करते हुए विद्यालय के दृष्टिकोण, मिशन एवं नई शिक्षा नीति के अनुरूप अपनाई जा रही शिक्षण विधियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि विद्यालय केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता ही नहीं, बल्कि नैतिक मूल्यों, जीवन कौशल और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों द्वारा विषय पाठ्यक्रम मूल्यांकन प्रणाली, होमवर्क नीति तथा कक्षा-व्यवहार से संबंधित जानकारी साझा की गई।

### राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हुआ जनगणना प्रशिक्षण शिविर

**रादौर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जनगणना 2027 के द्वितीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। द्वितीय प्रशिक्षण शिविर का निरीक्षण चार्ज ऑफिसर तहसीलदार अशोक कुमार, रामदासो असिस्टेंट डिविजनल इंचार्ज जनगणना कार्य निदेशालय, निधि भाटिया जिला जनगणना समन्वयक द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि भारत की अब तक की 16 वीं व आजादी के बाद 8वीं जनगणना का कार्य चल रहा है। जनगणना दो चरणों में आयोजित की जा रही है। प्रथम चरण में मकानों के सूचीकरण का कार्य किया जाएगा। दूसरे चरण में जनगणना की जाएगी। उसी कड़ी में रादौर स्कूल में जनगणना कार्य को पूरा करने के लिए प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन किया जा रहा है। हरियाणा में प्रथम चरण 1 मई 2026 से 30 मई में 2026 तक चलेगा। जिसमें सभी एन्यूमैरेटर्स घर.घर जाकर मकान सूचीकरण का कार्य संपन्न करेंगे। एसडीएम ने सभी सुपरवाइजर व एन्यूमैरेटर्स को कार्य पूरी ईमानदारी और निष्ठा से करनें के निर्देश दिए। मौके पर तहसीलदार अशोक कुमार, संजीव कुमार, विशालए प्रदीप सिंहा विनोद अरोड़ा आदि रहे।



# गांव चलो, बस्ती चलो अभियान पर भाजपा पदाधिकारियों ने की बैठक

- जिला अध्यक्ष ने की बैठक की अध्यक्षता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर। जिला कार्यालय पर विचार विमर्श करते जिला अध्यक्ष व अन्य।

भाजपा जिला पदाधिकारी व मंडल अध्यक्षों की बैठक शुक्रवार को जिला कार्यालय यमुना कमल में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने की। बैठक में ग्राम चलो बस्ती चलो बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर जी जयंती, शक्ति केंद्र प्रमुख बैठक, मन की बात आदि विषयों पर चर्चा की गई।

मौके पर मौजूद जिला अध्यक्ष राजेश सपना ने संगठन से जुड़े विभिन्न विषयों पर कार्यकर्ताओं के साथ बातचीत की व उनका समाधान निकालने को लेकर विचार विमर्श किया गया। सपरा ने बताया कि भाजपा जिला यमुनानगर में चारों विधानसभा क्षेत्रों में 7 अप्रैल से 12 अप्रैल तक गांव चलो, बस्ती चलो अभियान के तहत कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों से संवाद करेंगे व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भाजपा सरकार की उपलब्धियों की जानकारी देंगे। 13 अप्रैल को स्वच्छता अभियान एवं दीपोत्सव किया जाएगा एवं बाबा साहेब डॉ. भीम राव अम्बेडकर जी की प्रतिमाओं के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। 14 अप्रैल को भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीम राव अम्बेडकर जी की जयंती पर गोष्ठियां और विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।




### स्वस्थ शरीर ही सफलता की कूंजी : शर्मा

**रादौर।** मुकंदलाल कॉलेज में शनिवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर जागरूक कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम रेड रिबन क्लब व रेड क्रास क्लब के तत्वावधान में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में रेड रिबन क्लब के कन्वीनर प्रो. आशीष भल्ला मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्धेश्य विद्यार्थियों को एचआईवी एड्स व टीवी जैसी गंभीर बीमारियों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में विशेषज्ञाओं द्वारा विद्यार्थियों को इन बीमारियों के कारण, लक्षण, बचाव एवं उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में कम्युनिटी हेल्थ सेंटर, रादौर से एचआईवी काउंसलर ने एचआईवी एड्स से संबंधित भ्रमतियो को दूर करते हुए इसके संक्रमण व बचाव के उपाय बताए। प्रो. आशीष भल्ला ने कहा कि इस प्रकार के जागरूक कार्यक्रम युवाओं को सही दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. माला शर्मा ने कहा स्वस्थ शरीर ही सफलता की कुंजी है। इसलिए व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए। डॉ. महेंद्र सिंह ने छात्रों को अनुशासित जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

# जिले में नियमानुसार लोगों को दी जा रही है घरेलू गैस की सप्लाई : कुमार

- एएफएसओ के नेतृत्व में टीम ने की गैस एजेंसियों के रिकार्ड की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर



रादौर। गोदाम में स्टाक की जांच करते विभागीय अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की टीम ने रादौर की गैस एजेंसियों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने गैस एजेंसियों के रिकार्ड की जांच की व एजेसिंयों के गोदामों में पहुंचकर सिलेंडरों के स्टाक की जांच की।

एएफएसओ रविंद्र कुमार के नेतृत्व खाद्य आपूर्ति विभाग के सदस्यों की टीम एसडीएम रादौर नरेंद्र कुमार के आदेश पर कस्बा स्थित प्रेम गैस एजेंसी व श्रीमन गैस एजेंसी का निरीक्षण किया। एएफएसओ ने बताया कि जिला प्रशासन के आदेश पर गैस एजेंसियों का रिकॉर्ड चैक किया गया है। जांच के दौरान सब कुछ ठीक पाया गया है। उन्होंने बताया कि जिले में गैस की कोई कमी नहीं है। जनता को किसी अफवाह में नहीं आना चाहिए। गैस की आपूर्ति सुचारु रुप से की जा रही है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन गैस को लेकर पूरी तरह सतर्क है। गैस को ब्लैक करने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि जिले भर में नियमानुसार सभी को गैस की सप्लाई दी जा रही है।

### संगठन मजबूती के लिए बूथस्तर पर अभियान चलाएगी भाजपा: कटारिया



भारतीय जनता पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए बूथ स्तर पर अभियान चलाएगी। इस अभियान की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उक्त जानकारी भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं अंबाला लोकसभा क्षेत्र से पार्टी की प्रत्याशी रही बंतो कटारिया ने हरिभूमि से बातचीत करते हुए दी। कटारिया ने बताया कि मुख्यमंत्री सैनी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए एक बड़ा अभियान शुरू कर रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी प्रदेश भर के 4706 शक्ति केंद्रों पर कार्यक्रम आयोजित करेगी। इस कार्यक्रम में डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 135वीं जयंती को धूमधाम से मनाया जाएगा। वहीं, संगठन को मजबूत करना, कार्यकर्ताओं की भूमिका और आगामी चुनावी रणनीति को लेकर रूपरेखा तैयार करी जाएगी। भाजपा की वरिष्ठ नेत्री बंतो कटारिया ने बताया कि इस अभियान के तहत सबका साथ सबका विकास व मोदी सरकार की नीतियों को चलो गांव की और के तहत लोगों के घर घर तक लेकर जाने का काम किया जाएगा। जिसमें गांव में ग्रामीण लोगों से मिलना, स्वच्छ भारत अभियान के तहत लोगों के साथ मिलकर गांव में सफाई अभियान चलाया जाएगा । इसके अलावा महिलाओं को जागरूक करने के लिए केंद्र की योजनाओं से अवगत करवाया जाएगा। बंतो कटारिया ने कहा कि देश और प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चहुंमुखी विकास हो रहा है। केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियों से सभी वर्ग लाभावित हो रहे हैं। मौके पर सन्नी राजपूत आदि मौजूद रहे।

# बैसाखी पर्व पर बच्चों ने पेंटिंग और रंग बिरंगी ढोलक बनाकर दर्शायी प्रतिभा

- पंजाबी गीतों पर थिरककर बच्चों ने दिखाई प्रतिभा की झलक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर




यमुनानगर। बैसाखी पर्व पर गतिविधियों में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

न्यू हैप्पी सीनियर सैकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को बैसाखी पर्व के उपलक्ष्य में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान जहां बच्चों ने पेंटिंग बनाकर बैसाखी की महत्ता से अवगत करवाया वहीं पंजाबी गीतों पर थिरक कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मौके पर बच्चों ने फैंसी ड्रैस प्रतियोगिता में भी हिस्सा लिया।

प्रबंधक समिति के चेयरमैन जीएस शर्मा ने कहा कि बैसाखी का पर्व हमारे देश का महत्वपूर्ण त्यौहार है। क्योंकि इसी दिन खालसा पंथ की स्थापना हुई थी। साथ ही खेतों में गेहूं के पकने पर लोग खुशी जाहिर करते हैं और नाच गाकर इस पर्व पर सभी को बधाई देते हैं। इसके अलावा इस पर्व को हिंदू नव वर्ष की शुरूआत के रूप में भी मनाया जाता है। कार्यक्रम के दौरान छठी से आठवीं कक्षा के बच्चों ने रंग बिरंगी ढोलक व पेंटिंग बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जबकि नर्सरी से पांचवीं कक्षा तक के बच्चों ने पंजाबी गीतों पर थिरक कर सभी को झूमने पर विवश कर दिया।

## ततिमा अपडेशन में तेजी लाकर रिकॉर्ड को अद्यतन करें अधिकारी

# राजस्व कार्यों के लंबित मामलों का शीघ्र करें निपटान: प्रीति

**मॉडर्न रेवेन्यू रिकार्ड रूम की व्यवस्था को सुदृढ़ कर रिकार्ड का करें डिजिटाइजेशन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर। राजस्व विभाग से संबंधित कोर्यों को लेकर आयोजित बैठक में दिशा निर्देश देते उपायुक्त। फोटो : हरिभूमि

जिला प्रशासन द्वारा लघु सचिवालय में राजस्व विभाग से संबंधित लंबित कार्यों के शीघ्र निपटान को लेकर अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त प्रीति ने की। उन्होंने बैठक में राजस्व विभाग से संबंधित कार्यों को शीघ्र निपटाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यों के निपटान में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उपायुक्त प्रीति ने कहा कि राजस्व कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी लंबित म्यूटेशन मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निपटान किया जाए और ततिमा अपडेशन कार्य में तेजी लाकर रिकॉर्ड को अद्यतन रखा जाए। एग्रीटेक परियोजना के तहत डाटा एंट्री एवं सत्यापन कार्य समयबद्ध तरीके से पूर्ण किया जाए तथा मॉडर्न रेवेन्यू रिकॉर्ड रूम की व्यवस्था को सुदृढ़ करते हुए रिकॉर्ड के डिजिटाइजेशन पर विशेष ध्यान दिया जाए। उपायुक्त प्रीति ने निर्देश दिए कि आमजन से संबंधित मामलों में पारदर्शिता बनाए रखते हुए समय पर समाधान सुनिश्चित किया जाए। इसके अलावा अधिकारियों को नियमित रूप से कार्यों की मॉनिटरिंग करने और प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए। ताकि उच्च स्तर पर समीक्षा के दौरान संतोषजनक परिणाम सामने आ सकें। उन्होंने कृषि एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आपसी तालमेल के साथ आने वाली समस्याओं का समाधान करना सुनिश्चित करें। मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा, डीआरओ तरुण सहोता, डीडीए आदित्य प्रताप डबास व जिले के सभी तहसीलदार व सम्बंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### कुपोषण पर महिलाओं और बच्चों को दिलवाई शपथ

**कुरुक्षेत्र।** हथीरा आंगनबाड़ी केंद्र में एएनएम मेधा की अगुवाई में कुपोषण पर महिलाओं और बच्चों को शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता किरण सरोज रितु और प्ले स्कूल एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुनीता उपस्थित रही तथा आशा वर्कर सुमन, नीलम, संजना भी उपस्थित थे। इस अवसर पर राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय हथीरा के मुख्य शिक्षक सूबे सिंह सुजान ने शपथ दिलवाई और कहा कि अपने बच्चों को साफ सफाई व्यवस्था दें और उचित पोषित आहार दें ताकि बच्चे बीमार न हो सकें और अपनी आने वाली पीढ़ियों को बीमारी से मुक्ति दिलवाएं।

### आत्मभाव में जीना ही वास्तविक जीना : सिद्धार्थ

कुरुक्षेत्र। श्रीदुर्गा देवी मंदिर पिपली, कुरुक्षेत्र के पीठाधीश और समर्थगुरु धारा हिमाचल के जोनल कोऑर्डिनेटर आचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया कि समर्थगुरु धाम मुरथल हरियाणा के संस्थापक समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया जी के सान्निध्य में समर्थगुरु आनंद धाम,माधोपुर में महोत्सव के चौथे दिन वर्तमान उपनिषद की दिव्य चर्चा को आगे बढ़ाते हुए आत्म भाव पर गहन प्रकाश डाला। आत्मा को समझाते हुए कहा कि नाद और नूर से ओतप्रोत अंतर आकाश ही आत्मा है।

## बाल विवाह रोकने के लिए प्रशासन सख्त, डीसी ने बैठक में दिए जरूरी निर्देश

# बाल विवाह की जानकारी मिली तो दोषी होंगे सलाखों के पीछे : उपायुक्त

**बाल विवाह की जानकारी मिलने पर हेल्पलाइन नंबर पर सूचना दें जिलावासी**



कुरुक्षेत्र। अधिकारियों को संबोधित करते उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा।



कुरुक्षेत्र। अधिकारियों को संबोधित करते उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि अक्षय तृतीय के पवित्र दिन अनेक धार्मिक-सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते है और इस दिन सामूहिक बाल विवाह के आयोजनों की भी संभावना होती है। बाल विवाह निषेध अधिनियम के नए संसोधन के अनुसार लड़कों के लिए 21 वर्ष की आयु से पूर्व और लड़कियों के लिए 18 वर्ष से पहले विवाह गैर कानूनी होने के साथ साथ पहले दिन से ही अमान्य माना जाता है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में आगामी 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया के दिन बाल विवाह की रोकथाम के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि ऐसा कोई भी व्यक्ति जो बाल विवाह करवाता है, उसको बढ़ावा देता है या करने में उसकी किसी भी प्रकार से सहायता करता है उसे 2 साल तक की सजा या 1 लाख तक का जुमार्ना हो सकता है। इसके अलावा पोक्सों एक्ट की धाराओं के तहत मामला भी दर्ज किया जा सकता है। उपायुक्त ने निर्देश दिए कहा कि बाल विवाह रोकने के लिए पुलिस विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी के साथ-साथ एनजीओ और अन्य सामाजिक संगठन अक्षय तृतीय के अवसर पर जिला में बाल विवाह रोकने के लिए एक टीम के रूप में कार्य करें।

### हेल्पलाइन नंबर किया जारी

उपायुक्त जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि यदि उन्हें अपने आसपास बाल विवाह होने से संबंधित कोई भी जानकारी मिलती है तो वे हेल्पलाइन नंबर 100, 181, 112 और 1098 पर दें ताकि बाल विवाह को रूकवाया जा सके और इसमें संलिप्त लोगों के खिलाफ उचित कार्रवाई अमल में लाई जा सके। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा। इस अवसर पर एडीसी विवेक आर्य, एसडीएम अमन कुमार, एसडीएम अनुभव मेहता, डीएसपी सुनील कुमार, सीडीपीओ कुसुम कंबोज, महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रोटेक्शन अधिकारी डॉ. भानु गौड़ सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### बैशाखी महोत्सव का शुभारंभ करेंगे सीएम सैनी डीसी ने बैठक कर लिया तैयारियों का जायजा

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर पहली बार प्रदेश सरकार की तरफ से बैसाखी महोत्सव 2026 का आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव में परंपरागत दंगल में पहलवानों की कसरत और जोश देखने को मिलेगा। इसके साथ ही महिलाओं की मटका रेस और अन्य प्रतियोगिताएं भी मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेंगे। यह सभी प्रतियोगिताएं कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मेला ग्राउंड में आयोजित होंगी। अहम पहलू यह है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 13 अप्रैल को सुबह 11 बजे बैसाखी महोत्सव 2026 का आगाज करेंगे और 14 अप्रैल को भी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी समापन समारोह में शिरकत करेंगे। इस समापन समारोह में 500 ड्रोन का विशेष शो आकर्षण का केंद्र रहेगा। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में अधिकारियों की बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की तरफ से पहली बार कुरुक्षेत्र में सरकारी तौर पर प्रदेश स्तरीय बैसाखी महोत्सव 13 व 14 अप्रैल को किया जा रहा है।



### पंजाब नैशनल बैंक के स्थापना दिवस पर लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

आल इंडिया पंजाब नैशनल बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन कुरुक्षेत्र सर्किल द्वारा पंजाब नैशनल बैंक के 132वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सर्किल कार्यालय, कुरुक्षेत्र में एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर हीलिंग टच हॉस्पिटल, अंबाला द्वारा संचालित किया गया। शिविर का उद्घाटन अमित कुमार, सर्किल हैड, पंजाब नैशनल बैंक कुरुक्षेत्र द्वारा किया गया। सर्किल हैड द्वारा हीलिंग टच हॉस्पिटल से आए सभी डॉक्टर्स व उनकी टीम का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया तथा कैंप के सफल आयोजन की शुभ कामनाएं दी। तदोपरांत सर्कल हैड द्वारा बैंक के 132वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में गणमान्य ग्राहकों एवं स्टाफ की उपस्थिति में केक काटा गया तथा उपस्थित सभी को बैंक की प्रगति में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करने के लिए प्रेरित किया। शिविर में मेडिसिन, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, पल्मोनोलॉजी, नेत्र रोग, ईएनटी तथा फिजियोथेरेपी के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम उपस्थित रही। साथ ही शुगर एवं जांच की विशेष सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। स्वास्थ्य जांच शिविर में 132 स्टाफ सदस्य, पूर्व स्टाफ सदस्य एवं विभिन्न शाखाओं के ग्राहकों ने भाग लिया।

## मंडियों में ट्रैक्टर के नंबर, बायोमेट्रिक मशीन और नमी जैसी शर्तों से किया जा रहा किसानों को परेशान : हुड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने शुक्रवार को कुरुक्षेत्र की पिपली अनाज मंडी का दौरा किया और गेहूं खरीद व्यवस्था को जांचा। उन्होंने किसानों और आढ़तियों से सीधे मुलाकात की। साथ ही उनकी समस्याएं भी सुनी। इस दौरान कुछ किसानों ने गेट पास नहीं कटने और धान की पेमेंट अटकने के आरोप भी लगाए। हुड्डा ने अधिकारियों से बातचीत करके 2 दिन में पेमेंट करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर थानेसर विधायक अशोक अरोड़ा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मेवा सिंह, शाहबाद विधायक रामकरण, जिला परिषद थानेसर की पूर्व उपाध्यक्ष कांग्रेस नेत्री सुनीता नेहरा, परीक्षित मदान सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। अनाज मंडी पिपली के पूर्व प्रधान राजीव गोयल के प्रतिष्ठान पर मीडिया से बातचीत करते हुए भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि किसान, मजदूर और आढ़ती प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। यदि मंडियों में इन्हें परेशान किया जाएगा तो इसका सीधा असर पूरे कृषि तंत्र पर पड़ेगा। मंडियों में ऐसी व्यवस्था बनाए जिससे किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। मंडियों में ट्रैक्टर के नंबर, बायोमैट्रिक मशीन और नमी जैसी शर्तों को लेकर किसानों को परेशान करना ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय प्रदेश की मंडियों में व्यवस्था बेहतर रही। किसान, मजदूर तथा आढ़ती को किसी तरह की दिक्कत नहीं आने दी, लेकिन वर्तमान समय में अनाज मंडियों में किसानों को कई प्रकार की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कभी ट्रैक्टर के नंबर को लेकर आपत्ति जताई जाती है तो कभी नमी के नाम पर फसल को रोक दिया जाता है। इसके अलावा बायोमैट्रिक मशीन और अन्य तकनीकी प्रक्रियाओं के कारण भी किसानों को परेशानी उठानी पड़ रही है।



कुरुक्षेत्र। गेहूं खरीद की व्यवस्थाओं का जायजा लेते पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा।

### खरीद प्रक्रिया में किसानों को जानबूझ कर फंसाने का आरोप

मीडिया से बातचीत में हुड्डा ने कहा कि सरकार गेहूं की खरीद करने के बजाय किसानों पर एक के बाद एक अजीबोगरीब शर्तें थोप रही है। पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन, गेट पास, बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन, ट्रैक्टर नंबर की फोटो और गारंटर मांगे जा रहे हैं, जैसे किसान कोई अपराधी हो। किसानों को जानबूझ कर फंसाया जा रहा है। हुड्डा ने पिपली मंडी के आंकड़े भी दिए। उन्होंने बताया कि इस मंडी में करीब 27 हजार क्विंटल फसल की आवक हो चुकी है, लेकिन अब तक सिर्फ 630 क्विंटल की ही लिफ्टिंग हुई है, उसकी भी पेमेंट नहीं हो पाई। इस पेमेंट के अलावा 95 किसानों का पिछले साल का धान का पैसा अभी तक अटका पड़ा है।

## मुनीश मित्तल व सुमित हिन्दुस्तानी को अग्रवाल वैश्य समाज में मिली प्रदेश स्तर पर जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा द्वारा प्रदेश स्तर पर संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करते हुए नई नियुक्तियों की घोषणा की गई है। इस संबंध में प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने विभिन्न पदों पर जिम्मेदार पदाधिकारियों को नियुक्त किया गया है, जिससे समाज की गतिविधियों को और अधिक गति मिलेगी। ये जानकारी देते हुए कुरुक्षेत्र में प्रदेश महासचिव राजेश सिगला ने बताया कि वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर श्री श्रीनिवास गुप्ता बहादुरगढ़ और एमपी जैन सफीदों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं उपाध्यक्ष पद पर कई अनुभवी और सक्रिय सदस्यों को शामिल किया गया है, जिनमें अमरनाथ गुप्ता पानीपत, डा. विकास गुप्ता कैथल, दिलीप खंडेलवाल रेवाड़ी, प्रवीण गुप्ता घरौंडा, ललित बंसल बल्लभगढ़, प्रदीप अग्रवाल यमुनानगर, रोशन लाल गोयल गुरुग्राम, संजय जिंदल फरीदाबाद, सुरेश पांडविया चरखी दादरी और प्रमोद बंसल झज्जर को बनाया गया है। संगठन में उप महामंत्री पद पर हरिओम मित्तल भाली रोहतक को नियुक्त किया गया है। मंत्री पद की जिम्मेदारी प्रेम चंद बंसल बहादुरगढ), अंकुश जैन रोहतक, हरिओम अग्रवाल पिहोवा, डा. राजेश गुप्ता सोनीपत, वेद प्रकाश गर्ग कैथल और राजेश गर्ग चरखी दादरी को सौंपी गई है। प्रदेश प्रवक्ता के रूप में डा. प्रदीप गोयल शाहाबाद और नवदीप बंसल डबवाली को नियुक्त किया गया है। संगठन मंत्री के पद पर सुमित गर्ग कुरुक्षेत्र, विनोद गोयल गन्नौर, प्रेम गर्ग रेवाड़ी में शामिल किया गया है।



कुरुक्षेत्र के मुनीश मित्तल एवं सुमित गर्ग हिन्दुस्तानी। फोटो : हरिभूमि

### बस स्टैंड पर मासूम को छोड़ मां हुई फरार

**शाहबाद।** शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे शाहाबाद बस स्टैंड पर एक ऐसी घटना सामने आई, जिसने हर किसी का दिल झकझोर कर रख दिया। एक मां अपने दूधमुंहे बच्चे को एक अन्य बुजुर्ग महिला की गोद में सौंपकर खुद वहां से फरार हो गई और फिर वापस नहीं लौटी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, लगभग 25 वर्षीय महिला अपने छोटे बच्चे के साथ बस स्टैंड पर पहुंची और एक बेंच पर बैठ गई। बच्चे को गोद में लिये महिला ने पास ही बैठी बुजुर्ग महिला शारदा नवासी थंबड़ से उसने कहा कि वह कुछ फल खरीदने जा रही है और कुछ मिनटों के लिए बच्चे को संभाल लें। इंसानियत के नाते शारदा ने बच्चे को अपनी गोद में ले लिया, लेकिन इसके बाद वह महिला वापस नहीं आई। क देखते ही देखते आधा घंटा बीत गया, लेकिन मां का कोई पता नहीं चला।

### एचपीएससी द्वारा एचसीएस एंड अदर अलाइड सर्विसिज प्रीलीमरी परीक्षा-2025 का आयोजन 26 अप्रैल को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- 26 परीक्षा केंद्रों पर 10120 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि आगामी 26 अप्रैल को जिला में हरियाणा लोक सेवा आयोग पंचकूला द्वारा एचसीएस (ईएक्स. बीआर.) एंड अदर अलाइड सर्विसेज प्रीलीमरी परीक्षा-2025 को आयोजन किया जाएगा। इस परीक्षा के लिए 26 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन परीक्षा केंद्रों में 10120 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में हरियाणा लोक सेवा आयोग पंचकूला द्वारा एचसीएस (ईएक्स. बीआर.) एंड ओदर अलाइड सर्विसिज प्रीलीमरी परीक्षा-2025 से संबंधित तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि इस परीक्षा के लिए एडीसी विवेक आर्य को नोडल अधिकारी बनाया गया है। परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा। जिसमें परीक्षार्थी अपनी कोई भी समस्या हो बातचीत कर सकते हैं। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि परीक्षा से संबंधित फ्लाइंग स्क्वायड की टीमें गठित कर दी गई हैं तथा डयूटी मजिस्ट्रेट लगा दिए गए हैं। उन्होंने रोडवेज जीएम को निर्देश दिए कि जिला में 10 इलेक्ट्रिक बसें हैं, इन बसों को परीक्षा के दिन परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र तक लाने-लेजाने के लिए लगाया जाए और बसों पर बोर्ड भी लगाया जाए। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारी को कहा कि परीक्षा के दिन परीक्षा केंद्रों में बिजली सप्लाई की सुचारू व्यवस्था होनी चाहिए।

## गुरुकुल में दिव्य अग्निहोत्र के साथ नए सत्र की शुरुआत, हवन में डाली आहुतियां

# दृढ़ शक्ति के साथ लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ें विद्यार्थी: डॉ. प्रवीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

गुरुकुल कुरुक्षेत्र में शैक्षणिक सत्र 2026-2027 की शुरूआत आर्य समाज एवं गुरुकुलीय परम्पराओं के अनुरूप दिव्य अग्निहोत्र (हवन) के साथ आध्यात्मिक एवं उत्साहवर्धक माहौल में हुई। यह समारोह शुद्धता, सकारात्मकता और शिक्षा के प्रति नवगठित प्रतिबद्धता का प्रतीक था। गुरुकुल के प्रधान राजकुमार गर्ग, निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार शर्मा, प्रधानाचार्य सूबेप्रताप और व्यवस्थापक रामनिवास मुख्य रूप से उपस्थित रहे। हवन में सभी कक्षाओं के शिक्षकों, वार्डन और छात्रों ने बड़े उत्साह से भाग लिया, जिससे ईश्वर भक्ति और आपसी सौहार्द का वातावरण बना रहा। आचार्य दयाशंकर और सुनील शास्त्री ने ब्रह्मा की भूमिका निभाते हुए पूर्ण निष्ठा और वैदिक मंत्रों के शुद्ध उच्चारण के साथ यज्ञ संपन्न करवाया। छात्रों की सक्रिय भागीदारी ने समारोह में जीवंतता भर दी, जिससे यह नए शैक्षणिक वर्ष की एक यादगार शुरूआत बन गई। इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार ने कहा कि गुजरात के महामहिम राज्यपाल आचार्य देवव्रत के ओजस्वी मार्गदर्शन में गुरुकुल की पूरी टीम देश का भविष्य, युवा पीढ़ी के निर्माण में पूर्णतः समर्पित है। शिक्षा के बदलते परिदृश्य पर प्रकाश डालते हुए निदेशक ने कहा कि आज के विद्यार्थी पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ रहे हैं और आधुनिक शिक्षण विधियों को तेजी से अपना रहे हैं। स्मार्ट बोर्ड के उपयोग और ऑडियो-विजुअल साधनों के प्रयोग से विद्यार्थी अपनी शैक्षिक यात्रा को अधिक संवादात्मक और प्रभावी बना रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को पूरे सत्र के दौरान समर्पित रहने और लगन से काम करने के लिए प्रोत्साहित किया।



कुरुक्षेत्र। हवन यज्ञ में आहुति डालते यजमान। फोटो : हरिभूमि

### चार अवैध कालोनी में निर्माण को किया नष्ट

**लाडवा।** राजस्व संपदा लाडवा के विभिन्न क्षेत्र में लगभग 17 एकड़ में पनप रही चार अवैध कालोनियों में जिला प्रशासन की मदद से तोड़-फोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई। यह डयूटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ डीटीपी की टीम ने लाडवा के शाहाबाद रोड पर 11 एकड़, इंद्री रोड पर 1.5 एकड़, थाना कॉलोनी में करीब 2.5 एकड़ व 2 एकड़ में बनी चार अवैध कालोनी में बनी सडकें, बाउंड्री वाल, डीपीसी, सीवरेज के अवैध निर्माण को पीले पंजे से हटाया गया। डीटीपी नवीन कुमार की रिपोर्ट के अनुसार राजस्व संपदा लाडवा में लगभग 17 एकड़ में पनप रही थीं।

## न्यूज डायरी




कुरुक्षेत्र। सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते कर्मी। फोटो : हरिभूमि

### अग्निशमन कर्मियों की हड़ताल रही जारी

**कुरुक्षेत्र।** अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के फायर कर्मचारी शुक्रवार को हड़ताल पर रहे। 16 फरवरी 2026 को फरीदाबाद में अग्निशमन विभाग के दो कर्मचारी शहीद हुए उनकी शहादत को शहीद का दर्जा दिलवाने के लिए तीन दिवसीय हड़ताल के तीसरे दिन की अध्यक्षता प्रधान मनजीत सिंह ने की और मंच का संचालन नेकीराम ने किया। सर्व कर्मचारी संघ से राज्य के डिप्टी जनरल सेक्रेटरी संदीप सांगवान, जिला सचिव संदीप नरवाल व ब्लाक प्रधान थानेसर विशाल सेन मौके पर मौजूद रहे। कर्मचारियों की मांग है कि कौशल रोजगार निगम बंद किया जाए, कौशल के कर्मचारी विभाग के रोल पर किए जाएं, 5 हजार भत्ता दिया जाए, 6 साल से पैरोल के कर्मचारियों की सैलरी नहीं बढ़ी है सैलरी बढ़ाई जाए। इस अवसर पर राम नाथ, जिला सचिव संदीप सिंह, डिप्टी जर्नल सेक्टरी सर्व कर्मचारी संघ संदीप सागवान, रिटायर्ड कर्मचारी संघ रामेश्वर सिंह, अग्निशमन विभाग से कर्मचारी हाकम सिंह आदि रहे।



### मुख्यमंत्री के ओएसडी के साथ हेमसा की बैठक

**कुरुक्षेत्र।** सर्व कर्मचारी संघ से सम्बंध हरियाणा एजुकेशन मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन की प्रांतीय प्रधान संदीप सांगवान के नेतृत्व में शिक्षा विभाग फिल्ड कर्मियों की मांगों को लेकर सचिवालय चंडीगढ़ में उपप्रधान सचिव मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार डा, यशपाल यादव आईएएस के साथ वार्ता मिंटिग सम्पन्न हुई। महासचिव हितेंद्र सिहाग ने मांग पत्र प्रस्तुत कर कर्मियों का पक्ष रखा। आनलाईन ट्रान्सफर, वर्क लोड अनुसार नए पद स्वीकृत करने, सेवा नियमों में छूट देकर सहायक, आंकड़ा सहायक, उपाधीक्षक, अधीक्षक के सभी खाली पदों पर शीघ्र पदोन्नति की जाए। सीडी ब्लाक अनुसार बीईओ के दफ्तर खोलने, सीआरसी स्कूल में सहायक, सभी सिनियर सैकेंडरी स्कूलों में सहायक,बीईओ में आंकड़ा सहायक, उपाधीक्षक डीईईओ में अधीक्षक, डीईओ में स्थापना अधिकारी का पद स्वीकृत किया जाए,कठिन क्षेत्र का स्पेशल भत्ता आदि मांगों पर विस्तृत चर्चा हुई।



### बैठक में 10% अप्रेंटिस नियुक्त करने के आदेश

**कुरुक्षेत्र।** कौशल विकास व औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के निर्देशानुसार अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य की अध्यक्षता में जिला शिक्षुता एवं आत्मनिर्भर कमेटी, कुरुक्षेत्र की मीटिंग सम्पन्न हुई। इसमें विभिन्न विभागाध्यक्षों तथा निजी प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सभी विभागाध्यक्षों से उनके विभाग में नियुक्त किए गए शिक्षुओं की समीक्षा की गई तथा उन्हें अपनी कुल मैनपावर का 10% अप्रेंटिस नियुक्त करने के आदेश दिये गए। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कुरुक्षेत्र के प्लेसमैंट अधिकारी गुरप्रीत सिंह व परविन्द्र कुमार वर्ग अनुदेशक ने बताया कि विभाग व भारत-सरकार द्वारा चलाई जा रही राष्ट्रीय शिक्षुता संवर्धन योजना एनपीएस 2.0 के द्वारा छात्रों में कौशल ज्ञान व हुनर में प्रतिदिन बढोतरी हो रही है। एक वर्षीय आईटीआई पास आउट छात्रों को प्रतिष्ठानों द्वारा 9600 रुपए प्रतिमाह व दो वर्षीय आई टी आई पास आउट छात्रो को 10560 रुपए स्टाइफण्ड दिए जा रहे है।



### गीता निकेतन में मौखिक स्वास्थ्य सप्ताह पर कैंप

**कुरुक्षेत्र।** गीता निकेतन विद्या मंदिर सेक्टर- 3 विद्यालय में राष्ट्रीय मौखिक स्वास्थ्य सप्ताह के उपलक्ष्य में एक विशेष कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में डॉ माधविका खुराना ने विद्यार्थियों के मौखिक स्वास्थ्य की जांच की और उन्हें स्वस्थ दांतों के महत्व के बारे में जागरूक किया। डॉ माधविका खुराना ने विद्यार्थियों को बताया कि स्वस्थ दांतों के लिए नियमित रूप से ब्रश करना, दांतों की जांच करवाना और सही खान-पान का पालन करना आवश्यक है। विद्यार्थियों ने इससे संबंधित पोस्टर भी बनाए। एवं उन्हें पुरस्कृत भी किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्य सोमनाथ ने कहा कि राष्ट्रीय मौखिक स्वास्थ्य सप्ताह के उपलक्ष्य में यह कैंप हमारे विद्यार्थियों के लिए बहुत उपयोगी है।



### कैमल आर्ट में माहिर, जसनीत व मन्नत जीते

**शाहबाद।** सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. आर. एस. घुम्मन ने बताया कि स्कूल में आयोजित कोकुयो कैमलिन लिमिटेड द्वारा आयोजित कैमल आर्ट कांटेस्ट 2025 के परिणाम घोषित किए गए। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला, जिसमें नन्हे कलाकारों ने अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय की इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों में छिपी कलात्मक प्रतिभा को निखारना और उन्हें रचनात्मक कार्यों के प्रति प्रोत्साहित करना था। प्रतियोगिता के परिणामों में ग्रुप ए से माहिर ने बाजी मारते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि ओमेश दूसरे और गुरसीरत कौर तीसरे स्थान पर रहे। ग्रुप बी में मयंक प्रथम, सरताज द्वितीय और अनिरुद्ध तृतीय स्थान पर रहे। ग्रुप सी में अपनी प्रतिभा दिखाते हुए जसनीत सिंह ने पहला, राघव ने दूसरा और मनसीरत कौर ने तीसरा स्थान हासिल किया। इसी क्रम में ग्रुप डी की विजेता मन्नत रही, जबकि एवलिन दूसरे और परीक्षित तीसरे स्थान पर रहे।

### केयू ने नारायणगढ़ में बनाया नया परीक्षा केंद्र

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय (केयू) प्रशासन ने स्नातक वार्षिक परीक्षाओं के सुचारु संचालन के लिए नारायणगढ़ में प्राईवेट विद्यार्थियों के लिए नया परीक्षा केंद्र स्थापित किया है। विश्वविद्यालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार राजकीय कॉलेज, नारायणगढ़ (अंबाला) को अप्रैल/मई 2026 में आयोजित होने वाली अंडरग्रेजुएट वार्षिक परीक्षाओं के लिए परीक्षा केंद्र संख्या 111 बनाया गया है। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि यह निर्णय पूर्व में जारी अधिसूचना के संदर्भ में लिया गया है ताकि संबंधित कॉलेजों के विद्यार्थियों को परीक्षा देने में सुविधा मिल सके। उन्होंने बताय कि इस संबंध में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों तथा संबंधित कॉलेजों के प्राचार्यों को आवश्यक कार्रवाई के लिए सूचना भेज दी गई है। ताकि विद्यार्थियों और अभिभावकों को समय रहते जानकारी मिल सके। डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि नए परीक्षा केंद्र के गठन से परीक्षार्थियों की संख्या और भौगोलिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए परीक्षा व्यवस्था को अधिक व्यवस्थित और सुचारु बनाया जा सकेगा।

## खबर संक्षेप

### 12 ग्राम हेरोइन मामले में दो काबू

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर के एक अन्य मामले में भी 12 ग्राम हेरोइन सहित आरोपी हरिराम वासी नाहन हाउस को पालिका विहार मोड से काबू किया गया है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि रिक्की निवासी डेहा कॉलोनी अंबाला शहर भी इस मामले में संलिप्त है। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी रिक्की को भी गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया गया है 1 एसपी अजीत सिंह शेखावत ने स्पष्ट किया है कि नशा तस्करों को किसी भी सुरत में बख्शा नहीं जाएगा। इसके लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं जो सूचना तंत्र को मजबूत कर दिन-रात कार्रवाई कर रही हैं।

### हमला करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए जान से मारने की नीयत से रास्ता रोककर हमला करने व अवैध हथियार मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता प्रिंस कुमार ने 9 अप्रैल 2026 को शिकायत देकर बताया था कि 8 अप्रैल 2026 को गांव धनौरा में आरोपियों ने उसका व उसके मित्र का रास्ता रोककर जान से मारने की नीयत से तेजधार हथियार से हमला किया है। पुलिस ने मामले की गम्भीरता को देखते हुए तुरंत मामला दर्ज कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान जसविंद्र उर्फ रमनी, साहिल उर्फ गोड़ी व वीरेंद्र उर्फ रविंद्र के रूप में हुई है।

### पटौदी ट्रॉफी के लिए 21 को होगा खिलाड़ियों का ट्रॉयल

**अंबाला।** अंबाला जिला क्रिकेट की ओर से अंतर जिला ट्रायल इस बार चंडीगढ़ रोड़ स्थित सद्दोपुर के जीटीए क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित किए जाएंगे। जिला क्रिकेट



एसोसिएशन के सचिव सुरजीत सिंह पंजोखरा ने बताया कि ट्रॉयल की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। उन्होंने बताया कि ट्रॉयल के लिए सभी खिलाड़ियों को पंजीकरण के लिए 15 व 16 अप्रैल को दोपहर तीन बजे मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना पड़ेगा। इन दस्तावेजों में दसवीं कक्षा के साथ जन्म का मूल प्रमाण पत्र बेहद अनिवार्य है। पंजीकरण के बाद खिलाड़ियों का ट्रॉयल 21 अप्रैल को पटौदी ट्रॉफी व अंडर 23 के लिए 22 अप्रैल को होगा। इसके अलावा अंडर_16 व अंडर_19 के लिए ट्रॉयल 23 अप्रैल को होगा।

### बाइक चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**जींद।** अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अभियान के तहत थाना सदर सफीदों पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी मामले में चोरी कि मोटरसाइकिल सहित आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। थाना सदर सफीदों के प्रभारी उप निरीक्षक राजेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि शिकायतकर्ता गांव सिंघपुरा निवासी रामफल ने थाना सदर सफीदों में शिकायत दी कि वह अपनी मोटरसाइकिल पर सिंघपुरा गुरुद्वारा में माथा टेकने गया था।

## पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने अनाजमंडी का दौरा कर सरकार पर बोला हमला

# खरीद के नाम पर घोटाले कर रही सरकार क्रॉस वोटिंग करने वाले विधायक दें इस्तीफा

**सरकार किसानों के साथ अपराधियों जैसा व्यवहार कर रही है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



बराड़ा। अनाज मंडी का दौरा करते हुए पूर्व सीएम व अन्य नेतागण ।

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने अनाज मंडी दौरे के दौरान भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि राज्य में फसल खरीद के नाम पर लगातार घोटाले किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि गेहूं और सरसों की खरीद के बहाने सरकार किसानों को जटिल प्रक्रियाओं में उलझाकर वास्तविक खरीद से बचना चाहती है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र के साथ आयोजित वार्ता में हुड्डा ने कहा कि किसानों पर पोर्टल रजिस्ट्रेशन, गेट पास, बायोमेट्रिक, ट्रैक्टर नंबर, वेरिफिकेशन और गारंटर जैसी "अजीबो-गरीब शर्तें" थोपी जा रही हैं, जिससे उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार किसानों के साथ अपराधियों जैसा व्यवहार कर रही है।

हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय खरीद व्यवस्था सरल और सुचारू थी, जबकि वर्तमान सरकार जानबूझकर अव्यवस्था पैदा कर रही है। उन्होंने दावा किया कि पहले धान और आलू खरीद में गड़बड़ियां हुईं और अब गेहूं व सरसों की खरीद में भी "घोटाले की साजिश" नजर आ रही है। राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग के मुद्दे पर हुड्डा ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि ऐसे विधायकों को नैतिक आधार पर तुरंत इस्तीफा देना चाहिए। "इन विधायकों ने सिर्फ पार्टी ही नहीं बल्कि उस जनता के विश्वास के साथ भी धोखा किया है, जिसने उन्हें भाजपा के खिलाफ चुनकर विधानसभा भेजा था," उन्होंने कहा।

इस पर राव नरेंद्र ने भी कड़ा रुख दिखाते हुए कहा कि क्रॉस वोटिंग करने वाले विधायकों के नाम हाईकमान को भेज दिए गए हैं और उन पर सख्त कार्रवाई तय है। उन्होंने कहा कि "झूठ का सहारा लेकर कोई नहीं बच सकता, जनता सबक जरूर सिखाएगी।" पत्रकारों के सवालों के जवाब में हुड्डा ने बताया कि वे लगातार मंडियों का दौरा कर रहे हैं और किसानों, मजदूरों व आढ़तियों से मिलकर समस्याएं जान रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मंडियों में भारी अव्यवस्था है, जिसे लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। हुड्डा ने बेमौसमी बारिश से फसलों को हुए नुकसान का मुद्दा उठाते हुए सरकार से तुरंत स्पेशल गिरदावरी कराने और किसानों को मुआवजा व प्रति क्विंटल बोनस देने की मांग की।

उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि "एक तरफ किसानों पर अत्याचार हो रहा है और दूसरी तरफ मंत्री गैर-जिम्मेदार बयान देकर स्थिति को हल्का बताने की कोशिश कर रहे हैं।" उन्होंने अंत में कहा कि प्रदेश का किसान सरकार की नीतियों और मौसम की मार के बीच पिस रहा है, लेकिन सरकार उसकी मदद करने के बजाय उसे और परेशान करने में लगी है।

### अनाज मंडी में 42,751 क्विंटल गेहूं की आमद, हैफेड व डीएफएससी ने की खरीद

**शहजादपुर।** अनाज मंडी में अब तक 42,751 क्विंटल गेहूं की आमद दर्ज की गई है। इसमें से डीएफएससी द्वारा 21,981 क्विंटल तथा हैफेड द्वारा 20,770 क्विंटल गेहूं की खरीद की जा चुकी है। मार्केट कमेटी के सचिव अफसर ने बताया कि मंडी में खरीद प्रक्रिया पूरी तरह सुचारु रूप से संचालित की जा रही है। किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। उन्होंने बताया कि 1 अप्रैल से गेहूं की सरकारी खरीद शुरू हो चुकी है। सरकार द्वारा गेहूं की खरीद 2,585 रुपये प्रति क्विंटल के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर की जा रही है। अनाज मंडी में खरीद का शेड्यूल निर्धारित किया गया है। सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को फूड एंड सप्लाई विभाग द्वारा खरीद की जा रही है जबकि मंगलवार, वीरवार और शनिवार को हैफेड द्वारा गेहूं की खरीद की जा रही है। सचिव ने बताया कि सरकारी मानकों के अनुसार केवल 12 प्रतिशत तक नमी वाले गेहूं की ही खरीद की जा रही है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे मंडी में अपनी फसल लेकर आने से पहले गेहूं को अच्छी तरह सुखाकर लाएं ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि मंडी में बायोमेट्रिक प्रणाली के माध्यम से गेट पास जारी किए जा रहे हैं, जिससे पारदर्शिता और सुगमता बनी हुई है। मंडी सुपरवाइजर राजेश रानी ने बताया कि किसानों की सुविधा के लिए मंडी में पेयजल, सफाई, स्ट्रीट लाईट, तौल आदि से संबंधित सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को अपनी फसल बेचने में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए मंडी प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है और खरीद प्रक्रिया की लगातार निगरानी की जा रही है। मंडी प्रशासन का मुख्य उद्देश्य किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाना और खरीद प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी एवं सुचारु बनाए रखना है। उन्होंने बताया कि मंडी में किसानों की सुविधा के लिए पर्याप्त स्टाफ तैनात किया गया है और हर स्तर पर व्यवस्थाओं की नियमित समीक्षा की जा रही है।



अंबाला। शिरोमिण अकाली दल बादल के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष हरकेश सिंह मोहड़ी का स्वागत करते पार्टी नेता व कार्यकर्ता।

## शिरोमणि अकाली दल बादल के प्रदेशाध्यक्ष बने हरकेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पंजाब के पूर्व डिप्टी सीएम सरदार सुखबीर सिंह बादल ने सरदार हरकेश सिंह मोहड़ी को शिरोमणि अकाली दल हरियाणा का प्रेसिडेंट बनाकर प्रदेश के सिखों का मान बढ़ाया है। इससे हरियाणा स्टेट के सभी अकाली वर्करों में खुशी की लहर है। सभी ने इस ताजपोशी से सुखबीर सिंह बादल का आभार जताया। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, अमृतसर के अंतरिम मेंबर सरदार बलदेव सिंह कायमपुर ने पत्रकारों को बताया कि सरदार हरकेश सिंह मोहरी टकसाली परिवार से हैं। 22 साल की उम्र से ही शिरोमणि अकाली दल के जुझारू वर्कर रहे हैं। उन्होंने शिरोमणि अकाली दल के एक सच्चे सिपाही के तौर पर अपनी अलग पहचान बनाई है। वह पार्टी की तरफ से समय-समय पर दी गई जिम्मेदारी को बड़ी कुशलता से निभाते आ रहे हैं।इसके चलते पार्टी ने उन्हें हरियाणा स्टेट प्रेसिडेंट की ज़िम्मेदारी सौंपी है। बड़ी संख्या में वर्कर कार सेवा, डेरा बाबा चरण सिंहमें पहुंचे। यहां हरकेश सिंह मोहड़ी का स्वागत किया। इस खुशी में लड्डू भी बांटे गए और पार्टी ने आगे के काम पर भी चर्चा की।

## 7 दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा 19 से

**अंबाला।** अंबाला शहर में धार्मिक आस्था और भक्ति का अनूठा संगम दिखाई देगा जब 19 से 25 अप्रैल 2026 तक 7 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह धार्मिक कार्यक्रम गद्दी श्री सिद्ध किराना साहिब (सरगोधा) नजदीक गुरु रविदास बस्ती, जैन कॉलेज के पीछे आयोजित होगा। इसमें प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक कथा प्रवचन होंगे।इस पावन अवसर पर परम पूज्य बाबा गोपाल दास महाराज श्रद्धालुओं को श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराएंगे। उनके सानिध्य में आयोजित यह कथा न केवल धार्मिक ज्ञान प्रदान करेगी, बल्कि लोगों को आध्यात्मिक ऊर्जा से भी ओत-प्रोत करेगी। कार्यक्रम में भक्ति संगीत और संकीर्तन का भी विशेष आयोजन रहेगा, जिससे वातावरण पूर्णतः भक्तिमय बना रहेगा। इस आयोजन में शहर के कई गणमान्य व्यक्तियों, समाजसेवियों एवं श्रद्धालुओं की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। मुख्य यजमान के रूप में अरुण राणा एवं विकास राणा तथा प्रवीन गोयल का विशेष सहयोग रहेगा।

## तख्त सचखंड श्री हुजूर साहिब नांदेड के लिए रवाना होगी स्पेशल ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत श्री हुजूर साहिब नांदेड, महाराष्ट्र के लिए 5 मई को विशेष ट्रेन रवाना होगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इस ट्रेन को झंडी दिखाकर प्रदेश के विभिन्न जिलों से जाने वाली संगत को रवाना करेंगे। सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि वरिष्ठ नागरिक, जिनकी आयु 60 वर्ष से अधिक है और उनकी पारिवारिक आय एक लाख 80 हजार रुपए से कम है, वे इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। योजना का लाभ उठाने के लिए सरल हरियाणा पोर्टल पर 15 अप्रैल तक पंजीकरण किया जा सकता है। पात्र व्यक्ति नजदीकी सीएससी सेंटर या अपने स्मार्ट फोन से सरल हरियाणा पोर्टल पर घर बैठे इस निशुल्क यात्रा के लिए पंजीकरण कर सकते हैं। प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत आवेदन करने के लिए कुछ आवश्यक दस्तावेज अनिवार्य किए गए हैं, जिनमें वैध फोटो पहचान पत्र (जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड या अन्य सरकारी आईडी), परिवार पहचान पत्र (पीपीपी), शारीरिक रूप से यात्रा के लिए फिट होने की स्वयं घोषणा तथा पिछले तीन वर्षों में योजना का लाभ न लेने की घोषणा शामिल है। उन्होंने पात्रता की जानकारी देते हुए बताया कि आवेदक का प्रदेश का निवासी व परिवार पहचान पत्र होना अनिवार्य है। योजना के नियमों के अनुसार कोई भी व्यक्ति हर तीन वर्षों में केवल एक बार ही इस सुविधा का लाभ ले सकता है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत यात्रियों के रहने, खाने और स्थानीय परिवहन की पूरी व्यवस्था सरकार द्वारा की जाएगी।

## सरकारी स्कूलों में दाखिले के लिए शिक्षकों ने ग्रामीणों को किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा संचालित सरकारी विद्यालयों में दाखिला अभियान रथ की शुरुआत मॉडल टाउन अंबाला शहर विद्यालय से शुरू होकर खंड साहा के मॉडल स्कूल समलहेड़ी से होते हुए खंड बराडा के विद्यालय थंबड़ तक पहुंची । शाम के समय गांव धुराली व उगाडा में जिला प्रवक्ता कृष्ण पुनिया व मुख्य शिक्षक जगबीर बूरा , एसएमसी सदस्यों, पंचायत सदस्यों व विद्यालय के बच्चों के साथ मिलकर डोर टू डोर पूरे गांव में जागरूकता अभियान चलाया।संगठन महासचिव प्रकाश गिल ने बताया कि प्रत्येक गांव में अभिभावकों व पंचायत सदस्यों व विद्यालय के अध्यापकों ने संगठन के साथियों के इस प्रयास को सराहा वह आश्वासन दिया की सरकारी अध्यापकों की सरकारी विद्यालयों में बच्चों के दाखिले बढ़ाने की इस मुहिम में वह अपना पूरा योगदान देंगे। इस मुहिम को जन-जन तक पहुंचने में संगठन के साथियों की सहायता करेंगे। संगठन एक विचारधारा के साथ प्रत्येक बच्चे को सरकारी स्कूल तक लेकर आने के लिए प्रयासरत है और अपनी इस मुहिम के लिए लगातार दिन रात अपने साथियों के साथ कंधे से कंधे मिलाकर हर गांव हर शहर तक यह संदेश पहुंचा रहा है कि इस बार एक भी बच्चा पढ़ाई से वंचित न रहे और सरकारी स्कूल तक पहुंचे।



अंबाला। नए दाखिले के लिए घर-घर प्रचार करते शिक्षक।

### थंबड़ में बच्चों के दाखिले के लिए गली-गली घूमे शिक्षक

**बराड़ा।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ हरियाणा जिला अंबाला द्वारा सरकारी विद्यालयों में दाखिला बढ़ाने और विद्यार्थियों को दी जा रही विभिन्न सुविधाओं के प्रचार-प्रसार के लिए चलाई जा रही दाखिला रथ यात्रा शुक्रवार को गांव थंबड़ पहुंची। इस अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थंबड़ एवं राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक स्कूल थंबड़ में यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रधानाचार्या मनभावनी भल्ला के मार्गदर्शन में किया गया जहां विद्यालय स्टाफ ने रथ यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान वक्ताओं ने बताया कि सरकारी विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने के लिए चलाया जा रहा यह अभियान अब जन आंदोलन का रूप ले चुका है। रथ यात्रा के माध्यम से उपस्थित अभिभावकों एवं ग्रामीणों को सरकारी स्कूलों में मिल रही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक सुविधाओं तथा निपुण मिशन के उद्देश्यों से अवगत कराया गया। इसके पश्चात सभी स्टाफ सदस्यों एवं शिक्षकों ने मिलकर रथ को पूरे गांव की गलियों में घुमाया और लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के महासचिव प्रकाश चंद्र, मदन लाल, सचिन कुमार तथा जिला एफएलएन समन्वयक विजेंद्र रेढू ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि वे सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं और अपने बच्चों का दाखिला सरकारी विद्यालयों में करवाएं।





अंबाला। छात्रों को संबोधित करते मुख्य वक्ता। फोटो: हरिभूमि

### शैक्षिक कार्य में एआई का इस्तेमाल करें छात्र

**अंबाला।** अंबाला छावनी के गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में एआई के माध्यम से शैक्षणिक बदलाव विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. देशराज बाजवा ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के महत्व से अवगत कराया और आधुनिक तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यशाला में 120 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यशाला के मुख्य वक्ता पंकज कोहली, प्रोजेक्ट ऑफिसर। उन्होंने विद्यार्थियों को विभिन्न ए आई टूल्स के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने गूगल।स्कॉलर, रिसर्च गेट, एलएम नोटबुक, चैट जीपीटी जैसे उपयोगी प्लेटफॉर्म्स के बारे में बताया जो विद्यार्थियों के अध्ययन, शोध एवं प्रस्तुति कौशल को सुदृढ़ बनाने में सहायक हैं। कार्यशाला इंटरेक्टिव और ज्ञानवर्धक रही, जिसमें विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए नई तकनीकों को समझा और उनके व्यावहारिक उपयोग के बारे में सीखा। विद्यार्थियों ने इस कार्यशाला को उपयोगी और प्रेरणादायक बताया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. शगुन आहूजा, डॉ. रजनी सैनी, डॉ. प्रियंका, प्रो. नेहा रानी, डॉ. समीक्षा, डॉ. सुषमा, प्रो. प्रीति, प्रो. हर्षिता, प्रो. भावना एवं प्रो. वंदना का विशेष योगदान रहा।

## एडीसी ने कई सरकारी कार्यालयों का किया निरीक्षण, दुरुस्त मिली व्यवस्थाएं

- अधिकारी व कर्मचारियों को समय पर उपस्थित होकर जनता की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। एडीसी सरकारी कार्यालयों का औचक निरीक्षण करते हुए।

अतिरिक्त उपायुक्त विराट ने शुक्रवार को सुबह लगभग 9.15 बजे लघु सचिवालय नारायणगढ़ में विभिन्न सरकारी कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण के दौरान एडीसी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति की जांच करते हुए कार्यालयों में लोगों के कार्यों का विस्तृत रूप से जायजा लिया। इस अवसर पर उनके साथ अंडर ट्रेनिंग आईएएस (एसीयूटी) राहुल कनवरिया भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान एडीसी ने लघु सचिवालय परिसर में कार्यरत विभिन्न विभागों के कार्यालयों का क्रमवार निरीक्षण किया और कर्मचारियों की हाजिरी रजिस्टर की जांच की। उन्होंने विशेष रूप से एसडीएम कार्यालय में संचालित ड्राइविंग लाइसेंस एवं वाहन पंजीकरण शाखा तथा अंत्योदय सरल केंद्र का दौरा कर वहां नागरिकों को दी जा रही सेवाओं की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने वहां मौजूद कर्मचारियों से कार्यप्रणाली, लंबित मामलों और जनता को दी जा रही सेवाओं की जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



### पार्क हॉस्पिटल्स ने पंचकुला अस्पताल के शुभारंभ की घोषणा की

**पंचकुला।** पार्क ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स ने शुक्रवार को पंचकुला में अपने अत्याधुनिक मल्टी-सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के शुभारंभ की घोषणा की। नया पंचकुला अस्पताल हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ में टर्शियरी और क्ुअटर्नरी केयर सर्विसेज की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए विकसित किया गया है। मरीजों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा सुलभ कराकर, अस्पताल का उद्देश्य उन्नत उपचारों के लिए दिल्ली जैसे महानगरों पर निर्भरता को कम करना है। 350 बिस्तरों वाला नया पार्क अस्पताल, पंचकुला का अब तक का सबसे बड़ा अस्पताल है, जिसमें 120 आईसीयू बेड हैं और इसे उच्च स्तरीय देखभाल प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसमें 10 मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर,ए एक एडवांस न्यूरो कैपेबल कैथ लैब है और यह दा विंची एक्स रोबोट और ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी सहित अत्याधुनिक तकनीकों से सुसज्जित है।

### अधूरे बांध से 2200 करोड़ की संपत्ति का नुकसान

**अंबाला।** टांगरी नदी के किनारे जगाधरी रोड से पंजाब सीमा तक अधूरे पड़े बंध निर्माण कार्य को लेकर प्रशासन निर्माण एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई करने जा रहा है। उपायुक्त ने सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता को पत्र लिखकर इस मामले में तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। नेशनल ह्यूमन राइट्स ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इंडिया के जिला एडवाइजर बलजिंदर सिंह सहित जिला अध्यक्ष नीरज धीमान ने बताया कि इस लापरवाही के कारण अब तक क्षेत्र में 2200 करोड़ की संपत्ति का नुकसान हो चुका है और 7 नागरिकों की जान जा चुकी है। शिकायतकर्ता ने मांग की है कि आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत इस कार्य को आपात श्रेणी में रखकर पूरा किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि 15 दिनों में समाधान नहीं हुआ, तो वे न्यायालय की शरण लेंगे। प्रशासन ने विभाग को प्रार्थी को भी कार्रवाई से अवगत कराने को कहा है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## डीएवी कॉलेज में 'भौगोलिक प्रौद्योगिकी, अनुप्रयोग व रोजगार के अवसर" पर व्याख्यान

# तकनीक के जरिए परिणामों में आई शुद्धता, विश्वसनीयता भी बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के डीएवी कॉलेज के भूगोल विभाग द्वारा "भौगोलिक प्रौद्योगिकी, अनुप्रयोग और रोजगार के अवसर" विषय पर एक ज्ञानवर्धक व्याख्यान का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को वर्तमान समय में भूगोल विषय में प्रयुक्त हो रही आधुनिक भू-स्थानिक प्रौद्योगिकियों तथा उनसे संबंधित रोजगार के विविध अवसरों के बारे में जागरूक करना था।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता रोहतक के अजय पूनिया एवं उनकी सहयोगी हिमांशी बत्रा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. आरएस परमार तथा डॉ. रेखा शर्मा ने की। कार्यक्रम के आरंभ में प्राचार्य ने बताया कि यह दौर में भू-स्थानिक प्रौद्योगिकियों के ज्ञान और इनके उपयोग ने भूगोल विषय की दिशा और दशा दोनों बदल दी है। कार्यक्रम के संयोजक और भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. नरेंद्र कुमार ने मंच संचालन करते हुए संक्षेप में भौगोलिक प्रौद्योगिकियों की वर्तमान समय में प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला।



अंबाला। वक्ताओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित करते प्राचार्य व अन्य।

### आधुनिक भू-प्रौद्योगिकी से शिक्षा और रोजगार के अवसर

मुख्य वक्ता अजय पूनिया ने बताया कि वर्तमान कंप्यूटर युग में भौगोलिक प्रौद्योगिकियों जैसे भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस), सुदूर संवेदन तथा वैश्विक स्थान निर्धारण प्रणाली (जीपीएस) का महत्व निरंतर बढ़ता जा रहा है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इन तकनीकों के माध्यम से न केवल कार्यों की गति तेज हुई है बल्कि परिणामों की शुद्धता और विश्वसनीयता भी बढ़ी है। उन्होंने आगे बताया कि इन आधुनिक तकनीकों का उपयोग कृषि, पर्यावरण, नगरीय नियोजन, शिक्षण एवं अनुसंधान जैसे अनेक क्षेत्रों में व्यापक रूप से किया जा रहा है। वर्तमान समय में इन तकनीकों का सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त कर युवा सरकारी तथा निजी क्षेत्रों में उत्कृष्ट रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। इस प्रकार ये तकनीकें न केवल शिक्षण एवं अनुसंधान को नई दिशा प्रदान कर रही हैं, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार भी खोल रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि समकालीन युग में भूगोल विषय की दिशा और दशा को इन आधुनिक तकनीकों ने पूर्णतः परिवर्तित कर दिया है। कार्यक्रम के सफल संचालन में आयोजन सचिव मनीष कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर विद्यार्थियों को इन तकनीकों के व्यावहारिक उपयोग, कार्यक्षेत्र तथा भविष्य की संभावनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। व्याख्यान के दौरान विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की सक्रिय सहभागिता विशेष रूप से सराहनीय रही, जिससे कार्यक्रम अत्यंत प्रभावी और संवादपूर्ण बन सका। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के डॉ. राजीव राणा, डॉ. प्रियंका मलिक, डॉ. विजेंदर नरवाल, डॉ. सुभाष, डॉ. शिवानी, डॉ. मीना मलिक, डॉ. प्रियंका चौधरी, डॉ. शालू गुप्ता, डॉ. अत्तिमुक्त अंजलि, आंचल, डॉ. करमजीत तथा निशा राजपूत भी उपस्थिति रही। अंत में सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का हार्दिक आभार व्यक्त किया गया। यह व्याख्यान विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी, ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणास्पद सिद्ध हुआ।